RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 144 • 06:06:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-



## ट्रैकिंग में एडवेंजर का मजा बना सजा, 5 लोगों की मौत

**उत्तराखंड में हादसा, रेस्क्यू कर 13 की जान बचाई**

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में एडवेंजर का मजा लेने के लिए ट्रैकिंग करने के लिए निकले ट्रैकर्स पर खराब मौसम सुरक्षित निकाल अस्पताल में भर्ती करवाया। ट्रैकिंग रूट से ट्रैकर्स के पांच शवों को भी निकाला गया।



मुसीबतों का पहाड़ बनकर टूट पड़ा है। उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल ट्रैक पर गए ट्रैकर्स फंस गए थे। पुलिस को सूचना मिलने रेस्क्यू ऑपरेशन को शुरू किया गया था। एसडीआरएफ-पुलिस की टीमों ने फंसे ट्रैकर्स को उत्तरकाशी जिले के एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया की ट्रैकिंग के लिए एक दल 31 मई को भटवाड़ी से रवाना हुआ था। दल में 18 कर्नाटक और 01 महाराष्ट्र का ट्रैकर था। इसके अलावा, दल के साथ 03 पोर्टर और लोकर गाइड भी शामिल था। बताया कि पिछले 03 मई को ट्रैकिंग रूट पर मौसम खराब होने के कारण 04 ट्रैकर्स की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि 09 ट्रैकर्स का स्वास्थ्य खराब हो गया था। बताया कि इनमे 07 ट्रैकर्स धर्मशाला बेस कैंप में व दो लोग कुश कल्याण की ओर फंसे हुए है। राहत की बात यह रही थी कि सभी लोग सुरक्षित है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमों ने खराब मौसम की वजह से फंसे ट्रैकर्स को निकालने के लिए एसडीआरएफ के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। राहत व बचाव टीम द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए फंसे ट्रैकर्स को रेस्क्यू किया गया। ट्रैकर्स को हेलीकॉप्टर से देहरादून भेजा गया।

**10 पार्टियों की बैठक**

# मोदी के समर्थन में पूरा एनडीए

**मीटिंग में बोले नीतिश-जल्दी बनाओ सरकार, साथ बैठे दिखे नायडू**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की बैठक समाप्त हो गई है। इस मीटिंग में नीतिश कुमार और चंद्रबाबू नायडू एक साथ बैठे दिखे।

सूत्रों के अनुसार बैठक में नीतिश कुमार, चंद्रबाबू नायडू समेत सभी घटक दलों ने समर्थन पत्र दे दिए हैं। ये पत्र भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नाम लिखे गए हैं। कहा जा रहा है कि बैठक में नीतिश कुमार ने कहा कि सरकार का गठन जल्दी होना चाहिए। अब एनडीए का संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद पीएम मोदी के साथ वरिष्ठ नेता जाएंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद अब सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। एनडीए गुरुवार को फैसला एनडीए की पहली बैठक में लिया गया। इस बीच पीएम मोदी के इस्तीफे और कैबिनेट को भंग करने की सिफारिश के



सरकार बनाने का दावा पेश कर सकता है। इसके लिए एनडीए के सभी दलों के नेता शाम 5 बजे राष्ट्रपति भवन पहुंचेंगे। यह बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा को भंग कर दिया। एनडीए की मीटिंग पीएम आवास पर एक घंटे चली।

## नंबर गेम चलता रहता है, हार जीत लगी रहती है

**आखिरी कैबिनेट मीटिंग में पीएम मोदी का अहम संदेश**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री (कार्यवाहक) नरेंद्र मोदी ने अपनी आखिरी कैबिनेट मीटिंग में अहम संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि नंबर गेम चलता रहता है, हार जीत लगी रहती है। असल में दूसरे कार्यकाल की यह आखिरी कैबिनेट मीटिंग थी जिसमें पीएम मोदी ने अपने सभी मंत्रियों से बात की। उस मीटिंग में आगामी चुनाव के नतीजों का मुद्दा भी उठा और उसी बात का जिक्र करते हुए पीएम



मोदी ने बड़ा बयान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हार-जीत तो राजनीति का हिस्सा होती है, यह नंबर गेम तो चलता रहता है, हम पिछले 10 साल से जो अच्छा काम कर रहे हैं, उसे आगे भी वैसे ही जारी रखना है। जानकारी के लिए बता दें कि आखिरी कैबिनेट मीटिंग के बाद पीएम मोदी ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दिया है। माना जा रहा है कि 8 या 9 जून को एक बार फिर शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है, फिर मोदी ही प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस बार के चुनावी नतीजों की बात करें तो एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है, लेकिन इस बार बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना पाई है। उसका आंकड़ा 240 सीटों पर सिमट गया, यानी कि बहुमत के मैजिक नंबर से 32 सीटें कम। इस बार केंद्र मोदी नहीं एनडीए की सरकार बनी है जहां पर क्षेत्रीय दलों की भागीदारी ज्यादा बढ़ चुकी है।

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत, फिर लगा झटका

- जिस दिन रिहाई की थी आस, उसी दिन कोर्ट ने नहीं दी जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना होगा। एक तरफ कोर्ट ने उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत से इनकार कर दिया तो दूसरी तरफ न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाने का आदेश दिया। बुधवार को वर्चुअल पेशी के बाद कोर्ट ने केजरीवाल के सामने फैसला सुनाया। केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर 7 जून को सुनवाई होगी। अरविंद केजरीवाल को शराब



घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। आम आदमी पार्टी के प्रमुख को सुप्रीम कोर्ट ने 1 जून तक 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी। जमानत की शर्तों के मुताबिक उन्होंने 2 जून को दोबारा सरेंडर किया।

# सीएम नवीन पटनायक ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**ओडिशा में 24 साल बाद बीजेडी राज खत्म, भाजपा पहली बार अकेले सरकार बनाएगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा में बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने बुधवार को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भुवनेश्वर में राजभवन जाकर राज्यपाल रघुवर दास को अपना इस्तीफा सौंपा। पटनायक पिछले 24 साल से राज्य के मुख्यमंत्री थे। मंगलवार 4 जून को लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आए। दोनों राज्यों में मौजूदा सरकारों को सत्ता गंवानी पड़ी। ओडिशा में बीजेडी को 147 में से 78, तो बीजेपी को 51 सीटें मिलीं। राज्य में भाजपा पहली बार पूर्ण बहुमत से अकेले सरकार बनाएगी। भाजपा ने अब तक मुख्यमंत्री की घोषणा नहीं की है। पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा। बहुत जल्द भाजपा नई सरकार



बनाने का दावा पेश कर सकती है। ओडिशा में बीजेडी 2000 से लगातार सत्ता में रही। बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक 24 साल से मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 5 मार्च 2000 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से 2019 तक वे 5 बार से ओडिशा के सीएम हैं। सिक्किम के पूर्व सीएम पवन चामलिंग (24 साल और 165 दिन) के बाद नवीन पटनायक (24 साल और 83 दिन) सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले देश के दूसरे नेता हैं।

## पीएम मोदी-सीएम धामी की जोड़ी ने रचा इतिहास

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटें बड़े अंतर के साथ जीत ली हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम पुष्कर धामी की जोड़ी का जादू उत्तराखंड की



जनता पर सिर चढ़कर बोला। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। इस जोड़ी ने पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। इसमें भाजपा संगठन ने अहम भूमिका निभाई। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा को भले ही बड़ा झटका लगा हो, लेकिन उत्तराखंड से भाजपा को बड़ी राहत मिली।

## महाराष्ट्र में हार के बाद फडणवीस ने की इस्तीफे की पेशकश

- कमजोर नतीजों की खुद ली जिम्मेदारी; बोले-हम चूक गए हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के अच्छा प्रदर्शन न कर पाने की जिम्मेदारी ली है और इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने बुधवार को मीडिया से बात



करते हुए कहा कि हमें महाविकास अघाड़ी की तीन पार्टियों के अलावा एक नैरेटिव से भी लड़ना पड़ा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं नेतृत्व से मांग करूंगा कि मुझे सरकार के कामकाज से मुक्त कर दिया जाए। उन्होंने कहा, मैं भागने वाला आदमी नहीं हूं। इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। जनता के बीच जाएंगे और नए सिरे से काम करेंगे। फडणवीस ने कहा कि मैं चाहता हूं कि भाजपा के संगठन को मजबूत करूं।

# 24 सालों में कभी नहीं करना पड़ा राजनीतिक दबाव का सामना

**पॉलिटिकल प्रेशर को लेकर सीजेआई डीवाय चंद्रचूड़ का बड़ा बयान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश ने डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है, वहीं न्यायाधीश व्यवस्था की रक्षा करने वाले संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ मंगलवार को प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में, समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने इस दौरान न्यायिक प्रणाली में



अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली कुछ अनुचित आलोचनाओं को रेखांकित करते हुए सीजेआई ने कई बातें रखी।

### फैसले का नहीं करूंगा बचाव, क्योंकि...

उन्होंने कहा, हमारा जीवन सरकार की राजनीतिक शाखा से बिल्कुल अलग है... लेकिन स्पष्ट रूप से न्यायाधीशों को अपने निर्णयों के व्यापक राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव से परिचित होना चाहिए। यह राजनीतिक दबाव नहीं है, बल्कि न्यायालय द्वारा किसी निर्णय के संभावित प्रभाव की समझ है। वहां मौजूद विद्यार्थियों ने सीजेआई चंद्रचूड़ से पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय की ओर से विशेष विवाह अधिनियम पर सुनाए गए फैसले के बारे में सवाल पूछा जिसमें भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था।

# यूपी में मुस्लिम वोटर्स ने चुपचाप किया 'खेला'!

- अखिलेश-राहुल ने ध्वस्त की बीजेपी की पॉलिटिक्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आने के बाद यूपी में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। बीजेपी की यूपी में 32 सीटें कम हो गई हैं और सपा को उतनी ही सीटों का फायदा हुआ है। बीजेपी को यह डेंट मारने में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुस्लिम वोट एकजुट रखने वाली रणनीति काम आती दिखी है और मुस्लिम वोटर्स ने बिना भटके एक जगह चुपचाप ईवीएम का बटन दबाया है। यूपी में भले ही पांच मुस्लिम सांसद लोकसभा पहुंचे हों लेकि मुस्लिम वोटर्स की सपा कांग्रेस के इंडिया गटबंधन के पक्ष मतदान किया लेकिन इसको लेकर



अपनी राय कभी पब्लिकली रखी ही नहीं। सपा-कांग्रेस और बसपा के हितैषी कहलाने के बावजूद मुस्लिम संगठनों, तंजीमो ने चुप्पी साख रखी थी। इसके चलते एक्शन-रिएक्शन नहीं हो पाया और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण न होना इंडिया गठबंधन के लिए फायदेमंद रहा। लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले ही मुस्लिम धर्मगुरु यूपी में यह कहने लगे थे कि जब तक यूपी में धर्म और जाति की राजनीति को मुसलमान साथ लेकर चलते रहेंगे, तब तक उनका कोई भला नहीं होगा। संभवतः इन सबके चलते ही उनकी नेताओ संगठनों व राजनीतिक दलों तक पहुंच चुकी थी।

# राजस्थान-हरियाणा में जाटों ने बीजेपी से किया किनारा

**आधी सीटों पर मिली करारी हार, दरका बीजेपी का किला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 के नतीजों ने बीजेपी को इतना बड़ा झटका दिया है, शायद उससे बाहर निकलना पार्टी के लिए थोड़ा मुश्किल होगा।



हिन्दी बेल्ट राज्यों में जहां बीजेपी ने 2019 में क्लीन स्वीप किया था, वहां 2024 में बीजेपी को अपनी शाख बचाना भी मुश्किल पड़ा। हिन्दी हार्टलैंड के दो प्रमुख राज्य हरियाणा और राजस्थान में बीजेपी को ऐसी पटखनी मिली कि विश्लेषण करना मुश्किल होगा। आखिर क्या कारण रहा कि जिस राजस्थान और हरियाणा ने 2019 में बीजेपी को दिल खोलकर वोट दिए, वहां 2024 में बीजेपी आधी सीटों पर ही सिमट कर रह गई। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों राज्यों में बीजेपी के पास कोई बड़ा जाट चेहरा नहीं था। बीजेपी किसी बड़े जाट नेता को प्रदेश की कमान नहीं सौंप पाई। हालांकि चुनावों से कुछ समय पहले बीजेपी ने दोनों राज्यों में अध्यक्ष बदलकर जाट चेहरे सीपी जोशी और नायब सिंह सैनी को कमान दी थी लेकिन लोगों को यह पसंद नहीं आया। दोनों राज्यों में बीजेपी किसी ऐसे व्यक्ति को प्रदेशों की जिम्मेदारी नहीं दे पाई, जो लोकसभा चुनावों की अच्छे से अगुवाई कर सकें। हरियाणा अध्यक्ष नायब सैनी और राजस्थान अध्यक्ष सीपी जोशी दोनों ही चुनाव लड़ रहे थे।

## बीजेपी ने जीते गुजरात के पांचों विधानसभा उपचुनाव

- एक कैंडीडेट को मिले कांग्रेस के मुकाबले 8 गुना वोट

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की 5 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में जीत हासिल कर ली। इन सीटों के लिए पिछले महीने वोटिंग हुई थी। मंगलवार को घोषित चुनाव परिणामों के बाद 182 सदस्यीय राज्य विधानसभा में उसके



विधायकों की संख्या 161 हो गई है। गुजरात की जिन 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे, उनके नाम पोरबंदर, मनावडार, खम्भात, वाघोडिया और विजापुर हैं। ये सीटें कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने से खाली हुई थीं। भाजपा ने 7 मई को हुए उपचुनाव में सभी दलबदलुओं को अपनी-अपनी सीटों से मैदान में उतारा था। मंगलवार को घोषित उपचुनाव के परिणामों के अनुसार पोरबंदर से अर्जुन देवभाई मोढवाडिया, मनावडार से अरविंद भाई लडानी, खम्भात से चिराग कुमार पटेल, वाघोडिया से धर्मेंद्र सिंह वाघेला और विजापुर से डॉ सीजे चावड़ा ने जीत हासिल की है।

# आपको भगवान ने चुना है...

**अमेरिकी सिंगर ने पीएम मोदी को दी जीत की बधाई**

**एक्स पर लिखा-मोदी का फिर से चुना जाना एक नए भारत की शुरुआत है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। हालांकि, इस बार उनकी पार्टी भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। एनडीए को जरूर बहुमत मिला है। एनडीए के कार्यकर्ता और समर्थक जश्न मना रहे हैं। अमेरिकी गायिका और हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने भी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है। गायिका ने एक्स लिखा है कि आपको भगवान ने चुना है। मेरी मिलबेन ने एक्स पर लिखा, मेरे प्यारे भारतवासियों, नमस्ते। आज का दिन भारत और दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन है। मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिर से चुना जाना एक नए भारत की शुरुआत है। प्रधानमंत्री मोदी, मैं अमेरिका से आपको फिर से चुने जाने पर बधाई देने वाली पहली व्यक्ति हूं। मैं आपके लिए बहुत खुश हूं। आप भारत के चुने हुए नेता हैं,



जिन्हें भगवान ने और फिर भारत के लोगों ने चुना है। वह आगे लिखती हैं, आपने पश्चिम के उन लोगों को गलत साबित कर दिया है जिन्होंने आपकी लंबे कार्यकाल पर सवाल उठाए थे। दुनिया भर में इस बात की पुष्टि हुई है कि आप अमेरिका-भारत संबंधों और दुनिया की स्थिरता के लिए सबसे अच्छे नेता हैं। मुझे उम्मीद है कि आप नेतृत्व करते हुए ईश्वर के राजदूत बने रहेंगे। ईश्वर की सेवा में आप भारत के लोगों को निराश नहीं करेंगे। 140 करोड़ लोगों की सेवा के लिए आपको चुना गया है। मैरी ने कहा, चूंकि आप दुनिया के सबसे लोकप्रिय देश और 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर शासन करते हैं, इसलिए आपकी नैतिकता आपको हमेशा भारत के लिए सबसे सही और सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए प्रेरित करे।

# फिल्मी स्टाइल में मर्डर, हत्या के लिए बीच सड़क की फायरिंग

## मरा कोई और, जेल से रची गई साजिश

एजेंसी, पटना।

पटना में बीच सड़क हुए गैंगवार में मर्डर का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में बदमाश फिल्मी स्टाइल में हत्या की वारदात को अंजाम देते दिख रहे हैं। बदमाश दिनदहाड़े बीच सड़क पिस्टल निकाल कर दो युवकों का पीछे करते हुए फायरिंग करने लगते हैं। दोनों युवकों को गोली लगती है। राहुल ऊर्फ मंगल की इलाज के दौरान मौत हो जाती है और सूरज गोप अभी भी इलाजरत है। बताया जाता है रहा है कि बदमाश कुख्यात सूरज को मारने आए थे, लेकिन मौत राहुल की हो गई। घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना इलाके की है।

**जेल से रची गई साजिशः** विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपी सूरज की हत्या की साजिश जेल में बंद दो कुख्यात के इशारे पर रची गई थी। गोलीबारी की घटना में बुरी तरह से जख्मी सूरज जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। गैंगवार में गोलीबारी की घटना में सोमवार को दिन में करीब 12 बजे एनएमसीएच रोड में काली मंदिर के पास घटी। आलमगंज थाना की पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



**शूटरों के टारगेट पर था सूरजः** एनएमसीएच रोड में गोलीबारी करने वाले शूटरों के टारगेट में सूरज था। लेकिन, मारा गया मंगल तालाब दीरा निवासी सुरेंद्र गोप का बेटा राहुल उर्फ लल्लू। लल्लू की खता इस इतनी थी कि सोमवार की सुबह जब सूरज बाइक से कोर्ट के लिए जा रहा था तब वह भी उसके साथ चला गया था। संगत में वह गोलीबारी की घटना को शिकार हो गया।

**सूरज ने पत्नी को बताई थी साजिश की बातः** चौक थाना क्षेत्र के दीरा पर मोहल्ला निवासी घायल सूरज गोप की पत्नी संजू देवी ने बताया कि सोमवार को पति के मित्र राजा से जानकारी मिली कि पति सूरज पर जानलेवा हमला हुआ है। परिजनों के साथ राजेश्वर हास्पिटल की इमरजेंसी में पहुंची। पत्नी के अनुसार उस समय सूरज होश में थे। घायल पति सूरज ने पत्नी को बताया कि जेल में बंद मोनू पटेल के भाई विक्की पटेल तथा सागर लाल के गुर्गों ने उस पर गोली चलाई है। उसके बाद चिकित्सकों ने पूछताछ करने से मना किया।

**बाइक सवार अपराधियों की तलाश में हो रही है छापेमारीः** आलमगंज थाना पुलिस सीसीटीवी कैमरों की छानबीन कर बदमाशों का हुलिया पता कर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि छानबीन के क्रम में स्पष्ट हुआ है कि बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने सूरज व लल्लू पर लगभग एक दर्जन गोलियां चलाई थी। एएसपी शरथ आरएस का कहना है कि जल्द ही अपराधी गिरफ्तार होंगे। गठित टीम द्वार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इधर, गोलीबारी की घटना में मारे गए राहुल उर्फ लल्लू का अंतिम संस्कार खाजेकलां घाट पर हुआ।

# हर्ष हत्याकांड में फरार आरोपी ने किया सरेंडर

एजेंसी, पटना।

बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की हत्या के मामले में सरेंडर करने वाले गया के अतरी के रविश कुमार उर्फ राहुल को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस के दबाव की वजह से राहुल ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। वहीं पुलिस ने बेगूसराय से प्रकृति आनंद उर्फ आरुष को गिरफ्तार किया था, जिसे पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

**तेजी से चल रही छापेमारीः** इधर एसआईटी सुपौल के त्रिवेणीगंज के मयंक और मधेपुरा के शिवम की तलाश में छापेमारी कर रही है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पुलिस जल्द ही दोनों के खिलाफ कुर्की वारंट लेगी। सिटी एसपी भारत सोनी ने कहा कि राहुल को रिमांड पर लिया जाएगा। 27 मई को बदमाशों ने हर्ष की हत्या लॉ कॉलेज के कैंपस में कर दी थी। वह परीक्षा देकर बाहर निकला ही था कि बदमाशों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडे से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद एसएसपी के आदेश पर एसआईटी गठित की गई।



♦ आरोपी राहुल को रिमांड पर लेगी पुलिस, SIT तेजी से कर ही छापेमारी

**28 मई को अमहारा के चंदन यादव की हुई थी गिरफ्तारीः** एसआईटी ने 28 मई को अमहारा के चंदन यादव को गिरफ्तार किया। चंदन इस हत्याकांड में लाइनर की भूमिका में था। वहीं एसआईटी ने 30 मई को मनेर के अमन पटेल को गिरफ्तार किया। अमन पटेल ही इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है। इसके बाद 3 जून को बेगूसराय से प्रकृत आनंद उर्फ आरुष को गिरफ्तार किया और गया के राहुल ने कोर्ट में सरेंडर किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाएं आज करेंगी वट सावित्री व्रत, शनि जयंती भी, पति की लंबी उम्र के लिए पूजा



**पटना।** अखंड सौभाग्य की कामना लेकर सुहागन महिलाएं 6 जून यानी गुरुवार को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को रोहिणी नक्षत्र व धृति योग में वट सावित्री का व्रत करेंगी। इस दिन बरगद के वृक्ष की पूजा कर महिलाएं देवी सावित्री के त्याग, पति प्रेम एवं पतिव्रत धर्म का स्मरण करती हैं। यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्यवर्धक, पापहारक, दुख नाशक और धन-धान्य प्रदान करने वाला होता है। इसमें ब्रह्मा, शिव, विष्णु एवं स्वयं सावित्री भी विराजमान रहती हैं। ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री का व्रत पुण्यफल देने वाला है। इस दिन रोहिणी नक्षत्र एवं धृति योग भी रहेगा। ग्रहों की स्थिति भी शुभकारी है। व्रत के दिन बरगद व पीपल की पूजा करने से शनि, मंगल और राहु के अशुभ प्रभाव से छुटकारा मिलता है। हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को शनि जयंती मनाई जाती है। इसलिए यह दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए बेहद शुभ माना जाता है। साथ ही जातकों के रुके कार्य को भी गति मिलती है। कहा जाता है कि जिसकी कुंडली में शनि का दोष है, शनि जयंती के दिन विशेष रूप से पूजा करने से छुटकारा मिलता है। इससे शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव में कमी आती है। ज्योतिषशास्त्र में शनि देव को न्यायाधीश का स्थान दिया गया है।

### 20 जिलों में हॉट डे, 6 में लू का अलर्ट, बिहार में 10-15 जून के बीच मानसून की दस्तक

**पटना।** बिहार में एक बार फिर से लोगों को गर्मी सताएगी। अगले 2 दिनों पारा 2 डिग्री तक बढ़ने का आसार है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने पटना समेत 20 जिलों में हॉट डे तो पांच जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। तीन-चार दिनों के लिए मिली राहत के बाद एक बार फिर गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में कहा गया है कि बुधवार को पटना समेत 20 जिले हॉट डे के चपेट में रहेंगे। इसके साथ ही मौसम विभाग का कहना है कि 10 से 15 जून के बीच मानसून बिहार में दस्तक दे सकता है।दक्षिण बिहार में पछुआ हवा चलने से पटना समेत आसपास जिलों में गर्मी और उमस महसूस की गई। हालांकि मंगलवार को पटना का पारा 2 डिग्री गिरकर 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को रोहतास का विक्रमगंज लू की चपेट में रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री से. दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बक्सर समते पांच जिलों में हीटवेव चलने की बात कही है। मंगलवार को गया, डेहरी, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, अरवल और विक्रमगंज का अधिकतम तापमान 40 से अधिक रहा। रोहतास का डेहरी सूबे में सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया। इधर, पिछले 24 घंटे में सीमांचल और चंपारण के इलाकों में 30.6 एमएम से 63.4 एमएम बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक दक्षिणी पश्चिमी मानसून बंगाल के इस्लामपुर तक पहुंच चुका है। बिहार में मानसून 10 से 15 जून तक आ सकता है।



### हावड़ा और खातीपुरा के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी, आसनसोल-झाझा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते चलेगी गाड़ी, ट्रेन में 19 कोच रहेंगे

**आरा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आसनसोल-झाझा-पटना-डीडीयू- प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते हावड़ा और खातीपुरा (जयपुर) के मध्य गाड़ी सं.03007/03008 स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने दी है। गाड़ी सं. 03007 हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल 09.06.2024 से 30.06.2024 तक प्रत्येक रविवार को हावड़ा से 18.00 बजे खुलकर सोमवार को 03.25 बजे पटना जं. रुकते हुए मंगलवार को 01.00 बजे खातीपुरा (जयपुर) पहुंचेगी। वापसी में 03008 खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा स्पेशल 11.06.2024 से 02.07.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को खातीपुरा (जयपुर) से 05.30 बजे खुलकर बुधवार को 02.05 बजे पटना जं. रुकते हुए 12.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 09 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।



### बाबा गरीबनाथ के पुजारी ने किया पूजा-पाठ से इंकार, मुजफ्फरपुर में पुजारी और सेवैत धरने पर बैठे

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में प्रसिद्ध बाबा गरीब नाथ मंदिर के पुजारी और सेवक पूजा-पाठ छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे गए हैं। गरीब नाथ मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव के खिलाफ पुजारी नाराज चल रहे हैं। बाबा गरीब नाथ मंदिर में बीते दिनों दो पुरोहितों पर धांधली का आरोप लगाते हुए मंदिर के अंदर में प्रवेश करने पर रोक लगा दिया है। इसके बाद एक पुरोहित को धमकी दिया जाने वाले ऑडियो वायरल होने के बाद आज से बाबा गरीब नाथ मंदिर के सभी पुजारी, पुरोहित और सेवैत धरने पर बैठ गए और खुद को दैनिक कार्य से अलग कर लिया है और सभी लोग धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान सेवक हिमांशु पाठक ने कहा कि मंदिर के पुजारी एक बड़े अधिकारी के द्वारा दबाव बनाया था। इसको लेकर पुरोहित नाराज हैं। व्यवस्था ठीक करने के बजाय दो पंडितों को मंदिर के अंदर में प्रवेश पर रोक लगाया गया और एक को धमकी दी गई, जिसके बाद मंदिर का पुरोहित समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसको लेकर हमलोगों ने निर्णय लिया है कि अब इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर अपना विरोध जता रहे हैं। वहीं अगर मांग पूरी नहीं हुई, तो अनिश्चित काल के लिए भूख हड़ताल करेंगे। इस पूरे मामले में बाबा गरीब नाथ धाम मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक ने कहा कि आज से सभी पुरोहित और सेवैत हड़ताल पर बैठ गए हैं। इसके कारण से मंदिर का दैनिक पूजन कार्य प्रभावित हुआ है, जिसको लेकर हमने SDO पूर्वी अमित कुमार और अध्यक्ष को अवगत करा दिया गया है। अभी दैनिक पूजन का कार्य पुरोहित के द्वारा नहीं किए जाने से समस्या बढ़ गई। न्यास के द्वारा दो पंडित को हटाया गया था, जिसको लेकर नाराजगी है। भक्तों के द्वारा अपने स्तर से पूजन कार्य और प्रवेश पर रोक नहीं है।



# चुनाव परिणाम से सीएम नीतीश के समर्थक उत्साहित

एजेंसी, पटना।

लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थकों में खुशी की लहर है। राजधानी पटना में चौक-चौराहों पर सीएम के समर्थन में होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं। इनकम टैक्स चौराहे पर भी सबसे बड़ा पोस्टर लगाया गया है। पोस्टर में पीएम और मुख्यमंत्री की तस्वीर लगाई गई है। जिस पर स्लोगन लिखा है, 'डबल इंजन की सरकार, दोगुनी रफ्तार, तीसरी बार फिर मोदी सरकार, मोदी जी और नीतीश जी को हैट्रिक की बधाई' इसी तरह से और चौराहों पर भी अलग-अलग पोस्टर लगाए गए हैं।

**मजबूत हुई है जेडीयूः** नीतीश कुमार की पार्टी एनडीए में बड़े सहयोगी दल के रूप में उभर कर आई है। 12 सांसद जेडीयू के पास हैं। चुनाव से पहले जिस तरह के कयास लगाए जा रहे थे। परिणाम उससे अलग है।



♦ पटना में पीएम मोदी के साथ लगाए पोस्टर, लिखा- डबल इंजन की सरकार...दोगुनी रफ्तार

**नीतीश समर्थकों में खुशी की लहरः** पोस्टर लगाने वाले समर्थक रंजन भारद्वाज ने बताया कि बिहार की राजनीति में सीएम का कद बहुत बड़ा है। जो लोग हमारे नेता को हल्के में ले रहे थे, उनको जनता ने जवाब दे दिया है। विधानसभा चुनाव में इससे भी बेहतर प्रदर्शन होगा।

# फुलवारी शरीफ में अपराधियों ने जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या, खेत से मिला शव

## 3 खोखा बरामद, बाइक की पहचान कर लोगों ने खोजा

एजेंसी, पटना।

पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में जमीन कारोबारी को अपराधियों ने गोली मार दी। मौके पर ही जमीन कारोबारी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को आलमपुर के नजदीक भी ढिबरा गांव के बीच खेत से बरामद किया है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के तीन खोखे बरामद किए हैं।

**लेन-देन के मामले में हत्या की आशंकाः** मृतक की पहचान आलमपुर निवासी विकास कुमार 24 वर्ष के रूप में की गई है, जो जमीन का कारोबार किया करता था। परिवार के लोगों का मानना है कि जमीन कारोबार को लेकर पैसे की लेनदेन के कारण विकास कुमार की हत्या की गई है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सफीर आलम ने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दी है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**स्विच ऑफ हो गया मोबाइलः** आलमपुर निवासी विकास कुमार अपनी बाइक से मंगलवार की शाम अपने घर से निकले थे। शाम 6:00 बजे के आसपास उनसे बातचीत परिवार के लोगों को हुई है। इसके बाद लगभग 1 घंटे के बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। परिवार के लोग काफी खोज खबर करने के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो मंगलवार की देर रात घर के लोगों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी।



**खेत के बीच में था शवः** बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने गांव के नजदीक एक बाइक लावारिस स्थिति में देखा। स्थानीय लोगों ने शक के आधार पर पूरे खेत में छानबीन की तो विकास कुमार का शव बीच खेत में पड़ा था। लोगों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। आशंका है कि करीब 6 गोली मारी गई है।

# अखिलेश सिंह ने हार की जिम्मेदारी खुद पर नहीं ली

एजेंसी, पटना।

9 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद तीन सीटों पर बिहार में कांग्रेस ने जीत हासिल की। चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने हार की जवाबदेही से खुद को मुक्त कर लिया। उन्होंने प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में कहा कि जिन लोगों ने चुनाव में पार्टी विरोधी काम किया है। उन पर कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोगों ने कांग्रेस में रहकर विरोधियों की मदद की। ऐसे लोगो की पार्टी जांच करवा रही है।

**पार्टी में कमजोर करने वालों पर कार्रवाईः** प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों की पार्टी में कोई जगह नहीं है। पार्टी को कमजोर करने वाले लोगों को पार्टी से हटाया जाएगा। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को लेकर अखिलेश सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू दोनों कांग्रेस के साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने बीजेपी के खिलाफ जाकर सरकार बनाने में मदद की है। आने वाला एक सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण है। अगर नीतीश कुमार साथ आते हैं तो खुलकर स्वागत किया जायेगा।




♦ 9 में सिर्फ 3 सीट जीती कांग्रेस, कहा- पार्टी विरोधी काम करने वालों पर कार्रवाई होगी

**पप्पू यादव पर क्या बोले अखिलेश सिंहः** पप्पू यादव के सवाल पर अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस का झंडा लगाकर पप्पू यादव सांसद बन गए। क्या पप्पू यादव की मदद भी सरकार बनाने में कांग्रेस लेगी? इस सवाल पर अखिलेश ने कहा कि अभी तो एक-एक सांसद की जरूरत है।

# अपराध की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

पटना के सालिमपुर थाना की पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियों को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से गोली, पिस्टल, मोबाइल और बाइक जब्त किया है। बताया जा रहा है कि सभी अपराधी मंगलवार की देर रात फोर लेन के पास किसी अपराध की योजना बनाने की नीयत से डोमा गांव के नजदीक आए थे। इस बीच किसी ने इसकी सूचना सालिमपुर थाना को दे दी। वहीं घटना की जानकारी देते हुए बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ने सभी अपराधियों को चारों तरफ से घर कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में सौरभ कुमार 19 साल, शशि कुमार 19 साल, सिंटू कुमार 18 साल और दिलीप कुमार 24 साल का नाम शामिल है। यह सभी अपराधी बख्तियारपुर के निवासी बताए जा रहे हैं।



# रिजल्ट लेकर पापा लालू यादव से मिलने पहुंचीं मीसा भारती, चिराग ने तेजस्वी को बताया घमंडी

एजेंसी, पटना।

सोशल मीडिया पर मीसा भारती का एक वीडियो सामने आया है। इसमें लालू बेड पर लेटे दिखाई दे रहे हैं और मीसा किसी बच्चे की तरह अपने पिता को रिजल्ट दिखा रही हैं। रिजल्ट देखकर लालू और मीसा दोनों गदगद दिखाई दे रहे हैं। बिहार में आठ सीटों में चार सीटों पर आरजेडी ने जीत दर्ज की है, लेकिन आरजेडी की चार सीटों में सबसे खास और महत्वपूर्ण सीट पाटलिपुत्र लोकसभा से लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने जीत दर्ज की है।

**दिल्ली में NDA और I.N.D.I.A की बैठकः** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद देश के साथ-साथ बिहार में भी सियासी हलचल तेज हो गई है। दिल्ली में आज NDA और I.N.D.I.A की बैठक होने जा रही है। इसमें नीतीश और तेजस्वी समेत बिहार के कई नेता शामिल होंगे। दूसरी और पटना में सीएम हाउस में नीतीश मीटिंग ने सुबह नेताओं के साथ बैठक की है। इस बैठक में ललन सिंह, मंत्री अशोक चौधरी, सांसद कौशलेंद्र कुमार, LJP(R) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समेत तमाम नेता मौजूद रहे। मीटिंग के बाद चिराग ने कहा कि तेजस्वी घमंडी हैं। नासमझ हैं। लोकसभा चुनाव के परिणाम के सामने आने के बाद विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि न बिहार और न ही देश मे मोदी मैजिक चला। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे की हवा निकल गई है। इस चुनाव में संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में इंडी गठबंधन विजयी हुआ है। उन्होने भरोसा जताया कि आने वाले समय में भी निषाद आरक्षण की लड़ाई और सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।



# विजय चौधरी का इशारा- 2025 में भी नीतीश ही बनेंगे मुख्यमंत्री, एनडीए के साथ रहेगा जेडीयू

एजेंसी, पटना।

लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद जदयू कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और मंत्री विजय चौधरी ने प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री को बधाई दी। साथ ही कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश सहित बिहार मे एनडीए की जीत हुई है। इसके लिए पार्टी के मुख्यमंत्री और पीएम मोदी को बधाई देते है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद है। साथ ही उन्होंने कहा कि 2025 का संकेत भी मिल गया है। उस वक्त भी नीतीश ही सीएम रहेंगे। साथ ही एनडीए के साथ भी बने रहेंगे।

**मंत्री विजय चौधरी ने और क्या कहाः** मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि आपके माध्यम से जो नतीजे आए हैं। इसके लिए बिहार की जनता का आभार है। अच्छे नतीजे आए हैं। मुख्यमंत्री के प्रति जनता ने विश्वास किया है। उसके लिए बधाई। परिणाम जो आए, जो जीत का लक्ष्य था। उसमें कमी आई है। बहुत ज्यादा जो हमलोगो ने सोचा था वैसे नतीजे नहीं आए हैं। कुछ सीट नहीं जीते। इसका मलाल हुआ है। परिस्थितियां ठीक नहीं थी। कोई लोगों के मन में बात थी, जिससे चार सीट नहीं जीत पाए।



**2005 से नीतीश कुमार को मिल रहा जनता का विश्वासः** बिहार के नतीजे कुछ चीजों की तरफ संदेश देती है। संख्या बल के साथ जनता ने जो भरोसा दिया है। वो देख रहे हैं। पिछले दिनों नीतीश कुमार ने महागठबंधन को छोड़ कर एनडीए मे जाना पसंद किया। एनडीए मे बीजेपी के साथ बिहार की जनता की मौलिक और पुरानी पसंद है। 2005 से जनता का विश्वास मिला था। चुनाव के नतीजे से साफ है कि जनता ने परिणामों पर मुहर लगाई है।

**लोगों का समर्थन मिला हैः** आगे उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की विश्वसनीयता आज भी बरकरार है। ये भी साफ हो गया है। नीतीश कुमार के साथ जनता का जो लगाव है। वो बना हुआ है। लोग किस तरह की बातें कर रहे हैं। सर्वे मे भी सबसे कम हम को दिखाया गया। आज भी बिहार की जनता नीतीश कुमार के विकास को मानती है। अगर नतीजे को देखिए जो हमारे पड़ोसी राज्यों को देखे तो बिहार मे अच्छा मिला है। प्रधानमंत्री के कार्यो के साथ साथ मुख्यमंत्री के विकास के कार्यो से पहुंच मिली। कई राज्यों की अपेक्षा अधिक समर्थन मिला है।

**नीतीश कुमार की विश्वसनीयता 20 साल के बाद भी कायमः** एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए विजय चौधरी ने कहा कि छह महीने के बाद विधान सभा चुनाव होने हैं। इसके लिए भी शुभ संकेत है। नीतीश कुमार के कार्यों की चर्चा सभी जगह होती है। 2024 के नतीजों ने 2025 के परिणाम को तय कर दिया है। जनता ने जो भरोसा किया। उसका अभिनंदन है। आने वाले समय मे एनडीए का भविष्य उज्ज्वल है। बहुत बड़ी बात है। बीस वर्ष शासन के हुए हैं। नीतीश कुमार का कहीं भी एंटीइनकमबैंसी फेक्टर नहीं दिखा है। नीतीश कुमार के काम और विकास को सभी ने सराहा है।

संक्षिप्त समाचार

## आपसी विवाद में चाकू मारकर युवक की हत्या, पुलिस कर रही जांच



**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद के काको थाना क्षेत्र में सलमानपुर मोड़ के पास आपसी विवाद में चाकू बाजी की घटना हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि फोन करके सलमानपुर गांव निवासी शकील मियां ने घर से बुलाया। जैसे ही वह सड़क पर पहुंचा चाकू से हमला कर दिया। इसमें शकील मियां और शहजाद मियां घायल हो गया। इस घटना की सूचना काको थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने शकील मियां को मृत घोषित कर दिया। काको के थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में चाकू बारी घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है। घटना का कारण स्पष्ट रूप से पता नहीं चल रहा है, लेकिन घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इसके बाद आगा की कार्रवाई की जा रही है।

## मथुरा में आईओ ने घटनास्थल पर की जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मथुरा में तीन सहेलियों की मौत के मामले की जांच के लिए मुजफ्फरपुर नगर थाना से गए आईओ मोहन कुमार ने मंगलवार को रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। घटनास्थल पर तीनों सहेलियां कैसे पहुंची होंगी इसका आकलन किया। साथ ही उन रास्तों में लगे सीसीटीवी को चिह्नित किया। मथुरा में मतगणना के कारण स्थानीय पुलिस कर्मियों का सहयोग नहीं मिला। अब वह बुधवार से मामले में मथुरा के हाइवे थाना की पुलिस से संपर्क कर जांच को आगे बढ़ाएंगे। मथुरा में पहुंचने के बाद सिटी एसपी और नगर एएसपी से एसआई मोहन कुमार ने बात की।

## स्वतंत्रता सेनानी राम संजीवन ठाकुर को पुण्यतिथि पर किया याद

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** स्वतंत्रता सेनानी राम संजीवन ठाकुर की तीसरी पुण्यतिथि बोचहां के बुधौली में उनके स्मारक पर मनाई गई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। राम संजीवन बाबू स्मारक समिति के महासचिव सह उनके पौत्र डॉ. साकेत ठाकुर ने कहा कि वे ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने देश व समाज को पहली वरीयता दी। अपने परिवार की चिंता नहीं कर समाज के शोषित, मजदूरों व किसानों के लिए संघर्ष किया। मौके पर बोचहां के पूर्व उप प्रमुख सुशील ठाकुर, अंजनी ठाकुर, अमिका ठाकुर, रेणु कुमारी, वीरेन्द्र चौधरी, कपिलदेव ठाकुर, कामे ठाकुर, रमेश ठाकुर, दिनेश ठाकुर, रीता कुमारी, ललन ठाकुर, मो. शकुर, मो. आलम, वरुण कुमार, वंशी कुमार आदि थे।

## शराब के साथ महिला समेत 2 धंधेबाज गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर रेल पुलिस लगातार यात्री सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चल रही है। इस दौरान के रेल पुलिस ने मुजफ्फरपुर जक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से 105 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त की है। इसके साथ एक महिला सहित दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पधाधिकारी के बयान पर एक्साइज एक्ट में केश दर्ज किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान सकरा के योगेंद्र महतो और दरभंगा जिले के केवटी निवासी सुशील महतो की पत्नी रीता देवी के रूप में हुई है।

**शराब मामले में केस दर्ज :** रेल पुलिस प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से 105 बोतल शराब जब्त की गई है। साथ में दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ शराब मामले में केश दर्ज है। जिनसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत

# 7 यादव, 6 राजपूत, 6 दलित; जानिए बिहार से किस जाति के कितने सांसद पहुंचे लोकसभा







**पटना, एजेंसी।** लोकसभा का चुनाव परिणाम सामने आ गया है। इस बार चुनाव जीतने वाले सांसदों में सवर्ण समुदाय से 12 सांसद हैं। जबकि दलित समाज से छह सांसद बने हैं। ये सभी सुरक्षित सीट से चुने गए हैं। दो अल्पसंख्यक समुदाय और बाकी 20 सांसद पिछड़ा और अतिपिछड़ा समुदाय से चुने गए हैं। सबसे अधिक सात यादव सांसद बने हैं। इसके बाद छह सांसद राजपूत जाति के हैं। विजयी उम्मीदवारों में सवर्ण समुदाय में एक कायस्थ रविशंकर प्रसाद चुने गए। जबकि छह राजपूत सांसदों में राधामोहन सिंह, लवली आनंद, सुधाकर सिंह, वीणा देवी, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, राजीव प्रताप रूडी हैं। तीन भूमिहार सांसदों में गिरिराज सिंह, ललन सिंह और विवेक ठाकुर जबकि दो ब्राह्मण गोपाल जी ठाकुर और देवेश चंद्र ठाकुर भी चुने गए हैं। वहीं अतिपिछड़ा सांसदों में सात लोकसभा के लिए चुने गए हैं। ये रामप्रीत मंडल, दिलेश्वर कामैत, प्रदीप सिंह, राजभूषण निषाद, अजय मंडल, सुदामा प्रसाद और राजेश वर्मा हैं। पिछड़ा वर्ग में कुर्मी-कुशवाहा से सुनील कुमार, विजया लक्ष्मी देवी, कौशलेन्द्र कुमार, राजाराम सिंह और अभय कुशवाहा हैं। डॉ संजय जायसवाल वैश्य तो अशोक यादव, मीसा भारती, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, दिनेश चंद्र यादव, गिरिधारी यादव, सुरेन्द्र यादव और नित्यानंद राय यादव हैं। दलित समुदाय से आलोक कुमार सुमन, चिराग पासवान, शांभवी चौधरी, मनोज कुमार, जीतन राम मांझी और अरुण भारती हैं।

पिछले चुनाव में अतिपिछड़ी जातियों से सात ही सांसद बने थे। इसमें रामप्रीत मंडल, दिलेश्वर कामैत, प्रदीप सिंह, दुलाल चंद्र गोस्वामी, अजय निषाद, अजय कुमार मंडल, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी थे। पिछड़ी जातियों से 12 सांसद बने थे। इसमें सुनील कुमार, संतोष कुमार, कौशलेन्द्र कुमार, महाबली सिंह कुशवाहा तो डॉ संजय जायसवाल, रमा देवी, सुनील कुमार पिंटू वैश्य थे। पांच यादव सांसदों में अशोक कुमार यादव, दिनेश चंद्र यादव, नित्यानंद राय, गिरिधारी यादव व रामकृपाल यादव थे। सवर्ण समुदाय में दो ब्राह्मण गोपालजी ठाकुर व अश्विनी कुमार चौबे, एक कायस्थ रविशंकर प्रसाद, तीन भूमिहार गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और चंदन सिंह तो राजपूत सांसदों में राधामोहन सिंह, वीणा देवी, कविता सिंह, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, राजीव प्रताप रूडी, आरके सिंह, सुशील कुमार सिंह थे।



## करंट लगने से युवती की मौत, 5 घायल

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड में करंट लगने से युवती की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना चूरली पंचायत के झाला गांव की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 11 हजार वोल्ट के संपर्क में आने से आधे दर्जन लोग घायल हो गए है। जबकि एक युवती की मौत हो गई है। वहीं लोगों का कहना है कि घटना होने के बाद स्थल पर कोई भी विभाग का अधिकारी या कर्मी नहीं पहुंचे है। इधर घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुखिया बिरेंद्र पासवान ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कोई जवाब अब तक नहीं मिला है।

मृतका के पिता ने बताया कि खेत में करंट लगने से पहले से ही एक पशु की मौत हो गई थी। अब करंट लगने से इनकी बेटी प्रियंका कुमारी की भी मौत हो गई। वहीं बिजली विभाग के सरकारी नंबर पर सहायक विधुत अभियंता से कई बार सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो सकी।



## वाहन चेकिंग में हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

### पटना से लूटपाट करने आए थे दोनों, तलाशी में ऑटोमैटिक पिस्टल और कारतूस बरामद

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की बिहार थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान रांची रोड एतवारी बाजार के पास दो बदमाशों को हथियार कारतूस के साथ पकड़ा है। अभियुक्त पटना जिला के राजीव नगर थाना क्षेत्र के आशियाना मोहल्ला निवासी उपेंद्र सिंह का पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ शुभम और मालसलामी थाना क्षेत्र के नवाबगंज निवासी दीपक चौधरी का पुत्र सूरज कुमार है। बिहार थाना के अपर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि बिहार थाना पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो लोग पटना से बिहार शरीफ शहर की ओर आ रहे थे। जब उन्हें रुकवा कर तलाशी ली गई तो उनके पास से एक लोडेड ऑटोमेटिक पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन, 2 कारतूस बरामद की गई। इसके बाद उनके पास से तीन मोबाइल और बाइक को जब्त करते हुए थाना लाया गया।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारी :** प्रारंभिक जांच में पता चला कि उक्त अपराधी किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने पटना से बिहार शरीफ आए थे, जिनके मंसूबों को नाकामयाब किया गया। दोनों लुटेरा गिरोह के सरगना है। पटना जिला में लूट सहित विभिन्न के कांडों के नामजद अभियुक्त हैं। दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर इनके सरगना के अन्य लोगों के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# 257 हैंडपंप में से 15 को हाईवे चौड़ीकरण के चलते पीएचईडी ने उखाड़ा, 55 खराब

**सुल्तानगंज, एजेंसी।** अजगैबीनाथ धाम में इस वर्ष 22 जुलाई से शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में कांवरियों को शुद्ध व शीतल पेयजल के साथ-साथ सुविधा युक्त शौचालय की जिम्मेदारी पीएचईडी के पास है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे साफ-सफाई की सुविधा मुहैया कराने का जिम्मे भी पीएचईडी विभाग के पास ही होता है, पर इस बार मेला की तैयारी में जुटी पीएचईडी विभाग की राह आसान नहीं दिखाई दे रही है। इसका कारण है कि सबसे पहले दोगच्छी से घोरघट तक एनएच-80 चौड़ीकरण के चलते मेला क्षेत्र में रोड किनारे लगे 257 हैंडपंप में से 15 को पीएचईडी को उखाड़ना पड़ा है। विभाग के अनुसार चौड़ीकरण कार्य पूरा नहीं होने तक उखाड़े गए हैंडपंप को लगाने के लिए जगह चिन्हित करने में परेशानी होगी। इस बार विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में कराए गए सर्वे में बचे 242 हैंडपंप में से लगभग 55 पूरी तरह से खराब पड़े हैं। जिसे नये सिरे से मरम्मत कराने की जरूरत है।

## पीएचईडी ने पूरा किया रूटीन सर्वे

पिछले वर्ष जिला प्रशासन के आदेश पर कृष्णगढ़ मोड़ के पास लघु सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में करीब दो लाख की लागत से बने 10 यूनिट स्थायी शौचालय को विभाग ने बिना पूर्व सूचना के तोड़वा दिया है। विभाग की मानें तो पिछले वर्ष स्थायी शौचालय निर्माण के दौरान जमीन मालिक की सहमति ली गई थी। शौचालय के साथ बोरिंग भी कराई गई थी, पर बोरिंग को छोड़कर जमीन मालिकों ने शौचालय तोड़वा दिया। इसकी सूचना जिला प्रशासन को भी दी जा रही है। अब नया जगह चिन्हित कर स्थायी शौचालय बनवाने होंगे। इसके अलावा पहली बार पिछले वर्ष अस्थायी व स्थायी शौचालयों में 40 अदद महिला-पुरुष के लिए कमोड शीट लगाई गई थी जो अब देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गया है। कई शौचालयों के दरवाजे टूट गए हैं।

## कांवरिया पथ पर लगाए जाते हैं आरओ

विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो मेला क्षेत्र में पीएचईडी विभाग कुल-257 हेड पंप, 40 चिन्हित प्वाइंट पर 375 अस्थायी एवं 211 स्थायी शौचालय के अलावा 19 भैट स्थायी तौर



पर हैं। जबकि मेला के दौरान 10-10 जगहों पर अल्ट्रा वायलेट आरओ एवं वाटर कूलर व पैदल कांवरिया पथ पर वाटर फाउंटेन लगाए जाते हैं। फिलहाल विभाग रुटीन सर्वे कराकर आकलन कर चुकी है। अगले एक सप्ताह फाइनल सर्वे कर एस्टिमेट बना लिया जाएगा।

# एक साल में 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय

**नदी किनारे पौधे लगाने का संकल्प, पर्यावरण को सुरक्षित करने की हो रही पहल**



**दरभंगा, एजेंसी।** स्वच्छ पर्यावरण को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के स्तर से लगातार काम हो रहे है। ताकि देश ही नहीं विश्व में स्वच्छ वातावरण बने। इसको सार्थकता प्रदान करने के लिए जरूरी है कि हम सभी भी अपने-अपने हिस्से का काम करे। इसी संकल्प के साथ मंगलवार को मां वीणा सेवा संकल्प केंद्र की बंगाली टोला में नींव रखी गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। कैसे पर्यावरण के स्वच्छ बनाया जाए, इसपर अपना विचार रखा।

## कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं

मां वीणा सेवा संकल्प केंद्र के प्रेसिडेंट साधक संजीव कुमार स्वामी ने कहा कि अपने-अपने हिस्से का काम कर कम से कम एक पौधा जरूर लगाए। संस्था ने नदी के किनारे दरभंगा के उन स्थानों पर पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। जहां पेड़ लगाना सबसे अधिक जरूरी है।

## गो रक्षा पर भी काम होगा

संस्थापक लक्ष्मी चौधरी ने बताया कि हम छह बहनों ने अपनी स्वर्गीय माँ वीणा चौधरी की प्रेरणा से सेवा ही संकल्प जीवन का यह विकल्प कार्यक्रम की शुरुआत दरभंगा में की है। हमने देखा है कि यहां की नदियां काफी दूषित हो गई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा है। कैसे नदी का जल शुद्ध हो, इस मुद्दे पर हमलोगों की सरकार से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दस हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। ताकि पर्यावरण सुरक्षा हो। इसके साथ ही हमलोग गो रक्षा पर विशेष रूप से काम करेंगे।

## संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में इंडिया गठबंधन विजयी रहा : मुकेश सहनी



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के सामने आने के बाद वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि न बिहार और न ही देश मे मोदी मैजिक चला। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे की हवा निकल गयी। उन्होंने देश की जनता के फैसले का स्वीकार करते हुए कहा कि इंडिया-महागठबंधन के प्रति जनता से मिले सहयोग तथा समर्थन के लिए तहे दिल से आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि मैं लोकसभा चुनाव में वीआईपी पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं समर्थकों का आभारी हूँ जिन्होंने हमपर विश्वास बनाएं रखा और देश की संविधान व लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में हमारा साथ दिया। सहनी ने कहा कि जनता की सेवा और निषाद समाज की आरक्षण सहित उनके हितों की लड़ाई के लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा। सहनी ने इस परिणाम के लिए इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों और कार्यकर्ताओं तथा मतदाताओं का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया और अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन ने अपनी सीटें बढ़ाई है। मतदाताओं ने अपना विश्वास महागठबंधन पर बढ़ा है। वीआईपी प्रमुख ने कहा कि इस चुनाव में संविधान और लोकतंत्र बचाने लड़ाई में इंडी गठबंधन विजयी हुआ है। उन्होने भरोसा जताया कि आने वाले समय मे भी निषाद आरक्षण की लड़ाई और सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यह लड़ाई लड़ते रहेंगे और आगे भी जीतेंगे। उन्होंने एक बार फिर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

## प्लेटफॉर्म एक से 105 बोतल शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रेल थाना मुजफ्फरपुर की पुलिस ने मंगलवार को प्लेटफॉर्म एक से 105 बोतल विदेशी शराब जब्त किया। महिला सहित दो धंधेबाज भी गिरफ्तार किये गये। पुलिस पदाधिकारी के बयान पर गिरफ्तार सकरा के योगेन्द्र महतो और दरभंगा के केवटी निवासी सुशील महतो की पत्नी रीता देवी के खिलाफ एक्साइज एक्ट में केस दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# फुलवारी शरीफ में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या



**खेत से मिला शव, 3 खोखा बरामद, बाइक की पहचान कर लोगों ने खोजा**

**पटना, एजेंसी।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में जमीन कारोबारी को अपराधियों ने गोली मार दी। मौके पर ही जमीन कारोबारी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को आलमपुर के नजदीक भी ढिबरा गांव के बीच खेत से बरामद किया है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के तीन खोखे बरामद किए हैं।

## लेन-देन के मामले में हत्या की आशंका

मृतक की पहचान आलमपुर निवासी विकास कुमार 24 वर्ष के रूप में की गई है, जो जमीन का कारोबार किया करता था। परिवार के लोगों का मानना है कि जमीन कारोबार को लेकर पैसे की लेनदेन के कारण विकास कुमार की हत्या की गई है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सफीर आलम ने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दी है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## स्विच ऑफ हो गया मोबाइल

आलमपुर निवासी विकास कुमार अपनी बाइक से मंगलवार की शाम अपने घर से निकले थे। शाम 6:00 बजे के आसपास उनसे बातचीत परिवार के लोगों को हुई है। इसके बाद लगभग 1 घंटे के बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। परिवार के लोग काफी खोज खबर करने के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो मंगलवार की देर रात घर के लोगों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी।

## खेत के बीच में था शव

बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने गांव के नजदीक एक बाइक लावारिस स्थिति में देखा। स्थानीय लोगों ने शक के आधार पर पूरे खेत में छानबीन की तो विकास कुमार का शव बीच खेत में पड़ा था। लोगों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। आशंका है कि करीब 6 गोली मारी गई है।



# मुख्य सड़क पर जल जमाव से लोग परेशान

चाणक्य भुमि योगापट्टी



योगापट्टी प्रखंड के बासोपट्टी पंचायत के दुलारपट्टी के मुख्य सड़क पर बारिश के पानी से जगह-जगह जल जमाव के कारण सड़कों पर सफर करना लोगों के लिए परेशानी का सबक बनता जा रहा है। शनिचरी चौक से दुलारपट्टी होते हुए मच्छरगांवा जाने वाली मुख्य सड़क पर हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर जल जमा रहता है। अधिकांश मुख्य सड़क के रास्ते के बीच गड्ढे वह उसमें जमा पानी की बारिश के दिनों में देखने लगता है। जल निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाते हैं। जल जमाव की इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है रास्ते से होकर राहगीर छात्र व बीमार व्यक्तियों को अस्पताल जाना पड़ता है यह सड़क काफी व्यस्त सड़क है उसके बावजूद भी सड़क किनारे नाली का निर्माण नहीं होने से सड़कों पर जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। राहगीर वह वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन जल जमाव से दुर्घटना होती रहती है। लेकिन प्रशासनिक अस्तर से इस समस्या की समाधान को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पुर्व सरपंच सुमन पांडेय सहित स्थानीय ग्रामीण अभय पांडे अवध पांडेय पुनदेव चौधरी, आदि ने बताया कि मुख सड़क पर जगह-जगह गड्ढा हो जाने से 1 से 2 फीट बारीश की पानी जमा हो गया है। जिससे ग्रामीणों को भी इस रास्ते से गुजरने में पानी पर करना पड़ता है वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्य सड़क मरम्मती नहीं होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

# बिना वितीय स्वीकृति के पुलिया का हुआ निर्माण

चाणक्य भूमि नरकटियागंज

• उप मुखिया ने घटिया निर्माण का लगाया आरोप

प्रखंड क्षेत्र में बिना सरकारी स्वीकृति के विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा हैं ताकि बाद में सरकारी कर्मियों की मिली भगत से भुगतान कराया जा सकें ताजा मामला भसुरारी पंचायत से जहां चिंतावनपुर गांव के खाहर पइन के समीप बिना वित्तीय स्वीकृति के ही लाखों की लागत से पुलिया निर्माण कराया गया। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का भी प्रयोग किया जा रहा है। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि कार्यस्थल पर साइन बोर्ड तक नहीं लगाया गया है।जिसको लेकर पंचायत के उप मुखिया कुमार सिद्धार्थ ने डीडीसी और बीडीओ को पत्र देकर मामले को अवगत कराया है पत्र में बताया हैं की बिना तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति मिले आचार संहिता में घटिया पुलिया का निर्माण कार्य किया गया शिकायत के तीन दिन बीत जाने के बाद भी अधिकारी मौन हैं। शासन की तरफ से गांवों में विकास कार्य कराए जाने के दौरान साइन बोर्ड लगाए जाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन नरकटियागंज प्रखंड क्षेत्र शासन और प्रशासन की नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं शासनादेश को ताक पर रख दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने की जानकारी दिए जाने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने मामले की जांच करने की जहमत नहीं उठाई। कुमार सिद्धार्थ का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से बिना वित्तीय स्वीकृति के ही विकास कार्य कराया जा रहा है। शिकायत करने पर आला अधिकारी जांच कराने की बात कहकर टाल दे रहे हैं। वहीं पत्र देकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया हैं इस बाबत पंचायत सचिव दिनेश पांडेय का कहना है कि इस योजना का कोई स्वीकृति नहीं दिया गया मामला संज्ञान में है जांच कराई जाएगी।

## थानाध्यक्ष सम्राट सिंह एवं एसआई धीरेन्द्र कुमार यादव ने थाना परिसर में पौधा

विश्व पर्यावरण दिवस पर चनपटिया के थाना प्रभारी सम्राट सिंह ने थाना परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण की संरक्षण के लिए लोगों को जागृत किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन से जलवायु परिवर्तन एक विकराल रूप धारण कर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व के लिए खतरा बन चुका है। एसआई धीरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि मानवता की रक्षा के लिए ग्लोबल वार्मिंग की खतरे को कम करना जरूरी है। हम सभी को मिलकर पृथ्वी की हिट बैलेंस प्रणाली को संतुलित करना होगा। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए आह्वान किया।

## पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

चाणक्यभूमि नौतन

पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर न्यायालय द्वारा जारी एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि रात्रि छापेमारी अभियान के दौरान गहीरी के पप्पू गिरी को गिरफ्तार किया गया है। जो न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। जिसे मेडिकल जांच करा कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# योगापट्टी के मजदूर की लखनऊ में सड़क हादसे में हुई मौत हो गई

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

लखनऊ में सड़क हादसे में योगापट्टी के मजदूर की मौत हो गई थी। मृत मजदूर लखनऊ में राजमिस्त्री का कार्य करने के लिए गया था। मृत मजदूर योगापट्टी थाना क्षेत्र के फतेहपुर मुसहर टोली गांव निवासी लालबाबू सहनी बताया जाता है। मृतक के परिजन राजेंद्र सहनी ने बताया कि मृतक राज मिस्त्री का कार्य करने के लिए दो दिन पूर्व लखनऊ गया था। ट्रेन से उतरकर कर वह अपने किराए के घर में पैदल जा रहा था। सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार बस ने उसे रौंद कर फरार हो गया। साथी मजदूरों ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया व घायल राज मिस्त्री को इलाज के लिए किसी अस्पताल में ले गये। जहां डॉक्टरों ने राज मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को बुधवार को पैतृक गांव लाया गया। मृतक लखनऊ में लगभग दस वर्षों से रहकर मजदूरी का कार्य करता था बीच-बीच में घर आया करता था। इधर कुछ दिनों से घर आया था पुनः वापस मजदूरी का कार्य करने लखनऊ जा रहा था।मृतक का शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया।







# "सांसे हो रही है कम आओ पेड़ लगावे हम"

चाण्क्य भूमि मझौलिया



• मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज परिसर में लगाये गये सैकड़ो फलदार पौधे

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मझौलिया प्रखण्ड क्षेत्र में पौधारोपण की धूम रही।हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर सतभीड़वा में सीएचओ पूनम कुमारी की देखरेख में आशा कार्यकर्ताओं ने फलदार पौधे लगाये और इसकी देखभाल का जिम्मा स्वयं लिया।यहां सीएचओ ने कहा कि सांसे हो रही है कम,आओ पेड़ लगाये हम।इसके अलावे शुगर इंडस्ट्रीज के प्रशासनिक विभाग तथा डिस्टिलरी डिवीज़न में बिहार राज्य प्रदूषण परिषद पटना के निर्देशानुसार नीम जामुन लीची,आम व पीपल के लगभग दो सौ पौधे लगाये गये। जीएम कमर्शियल यू एन राय ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा समय की मांग है।उन्होंने कामगारों तथा कर्मचारियों से एक एक पौधा अवश्य लगाने का अनुरोध किया।जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार ने पेड़ पौधे मनुष्य के जीवन के लिये बड़ी जरूरी है।पेड़ो द्वारा छोड़े गये ऑक्सीजन को लोग ग्रहण करते है।यहाँ पौधारोपण करनेवालो में एजीएम विजय आनंद जीएम डिस्टिलरी प्रदीप शुक्ला, सीनियर मैनेजर एचआर रमाकांत मिश्रा, चीफ केन मैनेजर अखिलेश कुमार सिंह, वरीय प्रवन्धक के के ठाकुर एस एन मिश्रा,प्रभात तिवारी,राजेश कुमार सेफ्टी ऑफिसर गोविंद चौधरी,विजय पांडेय,अमरनाथ मिश्रा समेत सैकड़ो कर्मचारियों के नाम उल्लेखनीय है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में किशोरी समूह के सदस्यों ने किया गया पौधारोपण

चाणक्य भूमि गौनाहा

• विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रैली, कला प्रतियोगिता व पौधारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

नरकटियागंज प्रखंड के पुरैनिया व सीतवापुर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बुलाकर व अध्यापको द्वारा ग्राम नियोजन केंद्र व बाबू-बहिनी मंच के सदस्यों के सहयोग से बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। उक्त सभी शिक्षकों द्वारा पौधे को गोद लिया गया। विदित हो की ग्राम नियोजन केंद्र, बाबू-बहिनी मंच व किशोरी समूह के द्वारा हमेशा सामाजिक कार्य कराई जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस पर उक्त संस्थाओ ने रैली, कला प्रतियोगिता व पौधारोपण कर लोगो को जागरूक किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए ग्राम नियोजन केंद्र के समन्वयक अरुणेन्द्र सिंह ने बताया की पौधारोपण करने से पर्यावरण स्वच्छ रहता। उन्होंने बताया की प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल करनी चाहिए। मौके पर शशिकांत पाठक, बहादुर मांझी, सत्येंद्र कुमार, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।










# सुनील कुमार ने अपनी जीत के बाद बगहा में किया रोड शो

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर दोबारा जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार 523422 मतों से जीत हासिल किया। सुनील कुमार ने अपने निकटतम राजद प्रतिद्वंदी दीपक कुमार को 98675 मतों से हराया। वही बगहा नगर में सुनील कुमार द्वारा जीत हासिल होने के बाद रोड शो किया। जिसमें बगहा नगर के लोगों ने सुनील कुमार का स्वागत माला पहनकर और पटाखे, अबीर, गुलाल लगाकर बधाई दी। साथ ही जदयू कार्यकर्ताओं ने भी एक दूसरे को बधाई दी। सुनील कुमार ने बगहा बाजार से लेकर बगहा दो स्टेशन , पटखौली और बाल्मीकि नगर तक अपनी जीत का रोड शो किया। जिसमें गाड़ियों की तादाद और भीड़ की रही। जाहिर सी बात है इतनी बड़ी मार्जिन के साथ सुनील कुमार दोबारा वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इस बार बाल्मीकिनगर लोकसभा सांसद सुनील कुमार से लोगों को काफी अपेक्षाएं हैं। लोगों द्वारा मांग है कि बगहा को जल्द ही राजस्व जिला का दर्जा मिले। इसके साथ ही बगहा के लिए कई मांग बगहा नगर और ग्रामीणों की है। इस मौके पर जदयू के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसीएमओ में के नेतृत्व में पीएचसी में जच्चा बच्चा मौत की मामले की हुई जांच

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



कुछ दिन पुर्व पीएचसी में प्रसव के दौरान जच्चा एवं बच्चों की हुई थी। इस मामले में परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

शहरी पीएचसी व बगहा के प्राइवेट नर्सिंग होम सूरज हॉस्पिटल में जच्चा बच्चा मौत की मामले की जाँच को लेकर सीएमओ डा .रमेश चंद्र जांच को बुधवार को बगहा पहुंचे। स्वास्थ्य समिति के निर्देश के आलोक में जाँच के नेतृत्व कर रहे थे। सीएमओ ने खुरखूरवा गांव निवासी मृतक के परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की। सीएमओ में बताया कि 19 मई को खुरखूरवा निवासी सदरे आलम की पत्नी को प्रसव पीड़ा हुआ था। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे शहरी पीएचसी लाया गया। जहां महिला ने मृतक बच्चे को जन्म दिया था। जिसके बाद महिला की भी स्थिति लगातार गंभीर होती गई। इसके बाद शहरी पीएचसी के द्वारा महिला को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडली अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने शहरी पीएचसी के कर्मियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की थी। इधर शहर के सूरज हॉस्पिटल में भी एक महिला की मौत हो गई थी। जिस मामले में पवरिया टोला निवासी बादशाह मियां ने अपने पतोहू की हत्या के मामले में नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। जिसमें बादशाह मियां ने सूरज हॉस्पिटल की चिकित्सा सहित प्रबंधक को नामजद अभियुक्त किया था। हालाकि इस घटना के बाद चिकित्सा अस्पताल छोड़कर के फरार हो गए। इस मामले की भी जांच एसीएमओ ने बुधवार को की।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, मामला दर्ज

चाणक्य भूमि

रामनगर थाना क्षेत्र की सोहसा छवघरिया गांव निवासी अरफीन मियां की पत्नी साजिया खातून ने मारपीट के मामले में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उसने उसी गांव के रईस मियां, सरोज मियां, नईम मियां, खुरशेद मियां समेत सात को नामजद कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में उसने बच्चों के विवाद में इन लोगों पर मारपीट करने, मोबाईल, आभूषण व बावन सौ रुपया छीनने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई हैं।

# मुरारी बापू ने पर्यावरण दिवस पर वाल्मीकिनगर में लगाया पौधा

चाणक्य भूमि



वाल्मीकि की धरती पर 9 दिवसीय कथा वाचन के क्रम में सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी 21 वी वाहनी गंडक बराज परिसर में पांचवें दिन कथा वाचन के उपरांत बापू द्वारा कैंप परिसर में

स्वर्ण चंपा, स्वेत चंपा, सीता अशोक, रुद्राक्ष, आम, लीची, कामनी, हर सिंगार आदि पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बापू ने बताया कि देश की 1.40 करोड़ लोग में से 100 करोड़ लोग भी एक एक पौधा लगाएं तो पर्यावरण की सुरक्षा हम कर सकेंगे।आज हमारा परिवेश ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से जूझ रहा है। प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है ।प्रदूषण के कारण हम अनेकानेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इन सबसे बचाव् के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना जरुरी है। पेड़-पौधे अपने पूरे जीवन काल में हमें कुछ न कुछ देते ही रहते हैं। यह हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन ,फल फूल, मवेशियों के लिए चारा ,फर्नीचर की लकड़ी, इंधन का सामान आदि अनेक रूपों में अपने पूरे जीवन काल में हमारी सेवा करते हैं। बदले में हमसे कोई अपेक्षा नहीं करते ।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714